moneywise. be wise.

# दैनिक कमोडिटी रिपोर्ट (मेटल एवं एनर्जी) 12 मार्च 2024

## अतंराष्ट्रीय बाजार

### COMEX/NYMEX/ICE (कीमती धातुएं एवं एनर्जी)

| कमोडिटी | कॉन्ट्रैक्ट | एक्सपायरी | बंद भाव |
|---|---|---|---|
| चांदी | मई | 29.05.24 | 24.72 |
| सोना | मार्च | 26.03.24 | 2188.60 |
| कच्चा तेल | अप्रैल | 20.03.24 | 77.93 |
| ब्रेंट कच्चा तेल | मई | 28.03.24 | 82.21 |
| नेचुरल गैस | अप्रैल | 26.03.24 | 1.76 |

### करेंसी / कमोडिटी इंडेक्स

| करेंसी | वर्तमान भाव |
|---|---|
| अमेरिकी डॉलर/भारतीय रूपया' | 82.72 |
| डॉलर इंडेक्स | 102.87 |
| यूरो/अमेरिकी डॉलर | 1.09 |
| सीआरबी इंडेक्स | 319.25 |

### LME (बेस मेटल्स) (डॉलर/टन)

| कमोडिटी | | बंद भाव |
|---|---|---|
| तांबा | नकद | 8653.00 |
| एल्युमिनियम | नकद | 2259.00 |
| जिंक | नकद | 2567.00 |
| लेड | नकद | 2126.00 |
| निकल | नकद | 18377.00 |

### SHFE (बेस मेटल्स) (युवॉन/टन)

| कमोडिटी | माह | बंद भाव |
|---|---|---|
| तांबा | 15 मार्च 24 | 69360.00 |
| एल्युमिनियम | 15 मार्च 24 | 19140.00 |
| जिंक | 15 मार्च 24 | 21140.00 |
| लेड | 15 मार्च 24 | 16185.00 |

## घरेलू बाजार

### MCX

| कमोडिटी | एक्सपायरी | बंद भाव | ट्रेंड** | ट्रेंड बदलाव की तिथि | ट्रेंड में बदलाव की दर | क्लोजिंग स्टॉप लॉस |
|---|---|---|---|---|---|---|
| बुलडेक्स | 26.03.24 | 16808.00 | तेजी | 04.03.24 | 16461.00 | 16650.00 |
| चांदी | 03.05.24 | 66035.00 | तेजी | 04.03.24 | 73467.00 | 65000.00 |
| सोना | 05.04.24 | 74514.00 | तेजी | 04.03.24 | 64462.00 | 73900.00 |
| कच्चा तेल | 19.03.24 | 6443.00 | तेजी | 19.01.24 | 6152.00 | 6350.00 |
| नेचुरल गैस | 25.03.24 | 147.10 | तेजी | 17.01.24 | 147.40 | 140.00 |

| कमोडिटी | एक्सपायरी | बंद भाव | ट्रेंड** | ट्रेंड बदलाव की तिथि | ट्रेंड में बदलाव की दर | क्लोजिंग स्टॉप लॉस |
|---|---|---|---|---|---|---|
| तांबा | 28.03.24 | 736.70 | तेजी | 11.03.24 | 736.70 | 726.00 |
| एल्युमिनियम | 28.03.24 | 203.20 | तेजी | 11.03.24 | 203.20 | 199.00 |
| जिंक | 28.03.24 | 223.40 | तेजी | 06.03.24 | 218.60 | 219.00 |
| लेड | 28.03.24 | 181.05 | साइडवेज | 05.12.23 | 182.85 | - |
| मेटलडेक्स | 19.03.24 | 15256.00 | मंदी | 09.01.23 | 15482.00 | 15300.00 |
| स्टील लांग | 20.03.24 | 42150.00 | मंदी | 12.10.23 | 44710.00 | 43200.00 |

**यह इंट्रा-डे कारोबार के लिए नहीं है। रूझानों का विश्लेषण बंद भाव के आधार पर करना चाहिए ।

**11.03.2024 को सभी बंद भाव**

## सर्राफा आउटलुक

सोने की कीमतों को 65700 पर सपोर्ट और 66200 पर रेजिस्टेंस रह सकता है। चांदी की कीमतों को 74800 के स्तर पर रेजिस्टेंस के साथ 74200 रू पर सपोर्ट रह सकता है । कीमतों में तेजी का रूझान रह सकता है लेकिन उच्च स्तर पर मुनाफा वसूली हो सकती है। आज सोने की कीमतें स्थिर कारोबार कर रहीं है क्योंकि अमेरिकी उपभोक्ता कीमतों के आंकड़ों से पहले सर्राफा की रिकॉर्ड तेजी के बाद व्यापारियों ने नई पोजिशन लेने से परहेज किया, जो फेडरल रिजर्व की मौद्रिक नीति को लेकर सुराग दे सकता है। डॉलर आज मोटे तौर पर स्थिर रहा, जबकि बैंक ऑफ जापान द्वारा अगले सप्ताह की शुरुआत में नकारात्मक ब्याज दरों से बाहर निकलने की बढ़ती उम्मीदों के कारण येन एक महीने के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया। फरवरी में अमेरिकी उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) रिपोर्ट में इस महीने 0.4% की वृद्धि और वार्षिक गति 3.1% पर स्थिर रहने का अनुमान है। कोर मुद्रास्फीति में 0.3% की वृद्धि देखी जा रही है, जो वार्षिक गति को 2021 की शुरुआत से सबसे कम 3.7% पर ले जाएगी। पिछले सप्ताह के आंकड़ों ने अमेरिकी नौकरियों के बाजार में कमी के संकेत दिखाए, जबकि फेड चेयर पॉवेल ने कहा कि वे आत्मविश्वास हासिल करने से बहुत दूर नहीं हैं। मुद्रास्फीति में गिरावट के लिए ब्याज दरों में कटौती की जरूरत है।

## बेस मेटल आउटलुक

बेस मेटल की कीमतें नरमी के रूझान के साथ साइडवेज कारोबार कर सकती है । तांबे की कीमतें 733-738 के दायरे में कारोबार कर सकती है। चीन से मांग की चिंता के कारण आज बेस मेटल की कीमतों में गिरावट दर्ज की गई। मौसमी कारकों के कारण जनवरी में रिकॉर्ड ऊंचाई से फरवरी में चीन के बैंक ऋण में तेजी से गिरावट होने की उम्मीद है। ऋण आंकड़ों में कुल सामाजिक वित्तपोषण शामिल हैं, जो भविष्य में धातुओं की खपत का एक प्रमुख संकेतक है। एलएमई प्रणाली में तांबे का स्टॉक दिसंबर के अंत से 30% से अधिक गिरकर 110,850 टन पर आ गया है। कोचिल्को ने कहा कि दुनिया के शीर्ष तांबा उत्पादक कोडेल्को का उत्पादन जनवरी में सालाना आधार पर लगभग 16% घटकर 107,000 मीट्रिक टन रह गया। जिंक में मिला-जुला रूझान रह सकता है और कीमतों को 222 पर सपोर्ट और 225 पर रेजिस्टेंस रह सकता है। लेड की कीमतें 180-182 के दायरे में साइडवेज कारोबार कर सकती है। एल्युमीनियम की कीमतें 202-204 के दायरे में साइडवेज कारोबार कर सकती है।

## एनर्जी आउटलुक

कच्चे तेल की कीमतें मिले-जुले रूझान के साथ कारोबार कर सकती है और कीमतों के 6390-6470 के दायरे में कारोबार करने की संभावना है। आज एशियाई व्यापार में तेल की कीमतें थोड़ी बढ़ गई, क्योंकि अमेरिकी मुद्रास्फीति आंकड़ों से पहले बाजार काफी हद तक सतर्क रहे, जो ब्याज दरों को प्रभावित करने की संभावना है, जबकि ओपेक की आगामी मासिक रिपोर्ट पर भी ध्यान केंद्रित किया गया था। दुनिया के सबसे बड़े कच्चे तेल आयातक की मांग कम होती दिख रही है और इसमें तत्काल सुधार की बहुत कम उम्मीदें हैं। बीजिंग ने 2024 के लिए मध्यम विकास लक्ष्य निर्धारित किया, और अधिक प्रोत्साहन उपायों पर भी अल्प संकेत दिए। अमेरिका में कच्चे तेल की मांग बढ़ने की उम्मीदों से चीन को लेकर चिंताएं कुछ हद तक कम हो गई, क्योंकि देश में कई रिफाइनरों ने एक लंबे ब्रेक के बाद उत्पादन बढ़ाना शुरू कर दिया। लेकिन देश का कच्चे तेल का उत्पादन प्रति दिन 13 मिलियन बैरल से अधिक की रिकॉर्ड ऊंचाई पर रहा। आपूर्ति के मोर्चे पर, इजराइल-हमास युद्ध में कमी नही होने के संकेत, विशेष रूप से युद्धविराम वार्ता विफल होने के संकेत, मध्य पूर्व में निरंतर आपूर्ति जोखिमों की ओर इशारा कर रहे हैं। नेचुरल गैस की कीमतें 145-152 के दायरे में कारोबार कर सकती हैं।

## प्रमुख आर्थिक आंकड़ें

| भारतीय समयानुसार | आर्थिक आंकड़ें | महत्व | संभावित | पिछला | प्रभावित कमोडिटी | प्रभाव |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 18:00 | अमेरिकी सीपीआई (वर्ष-दर-वर्ष)(फरवरी) | अधिक | 3.1% | 3.1% | मेटल एवं एनर्जी | कोई असर नही |
| 18:00 | अमेरिकी सीपीआई (माह-दर-माह)(फरवरी) | अधिक | 0.4% | 0.3% | मेटल एवं एनर्जी | प्रतिकूल |
| 18:00 | अमेरिकी कोर सीपीआई (वर्ष-दर-वर्ष)(फरवरी) | अधिक | 3.7% | 3.9% | मेटल एवं एनर्जी | अनुकूल |
| 18:00 | अमेरिकी कोर सीपीआई (माह-दर-माह)(फरवरी) | अधिक | 0.3% | 0.4% | मेटल एवं एनर्जी | अनुकूल |
| 23:30 | अमेरिकी फेडरल बजट संतुलन(फरवरी) | अधिक | -298.5B | -22.0B | मेटल एवं एनर्जी | अनुकूल |

आप इस रिपोर्ट को हमारी वेबसाइट पर भी देख सकते हैं- www.smctradeonline.com

smc
moneywise. be wise.

**Corporate Office:**
11/6B, Shanti Chamber,
Pusa Road, New Delhi - 110005
Tel: +91-11-30111000
www.smcindiaonline.com

**Mumbai Office:**
Lotus Corporate Park, A Wing 401 / 402 , 4th Floor , Graham Firth Steel Compound, Off Western Express Highway, Jay Coach Signal, Goreagon (East) Mumbai - 400063
Tel: 91-22-67341600, Fax: 91-22-67341697

**Kolkata Office:**
18, Rabindra Sarani, Poddar Court, Gate No-4,
5th Floor, Kolkata-700001
Tel.: 033 6612 7000/033 4058 7000
Fax: 033 6612 7004/033 4058 7004

प्रतिभूति बाजार में निवेश बाजार के जोखिमों के अधीन है। निवेश करने से पहले सभी संबंधित दस्तावेजों को ध्यान से पढ़ लें। सेबी द्वारा दिया गया पंजीकरण और एनआईएसएम से प्रमाणन किसी भी तरह से मध्यस्थ के प्रदर्शन की गारंटी नहीं देता है या निवेशकों को रिटर्न का कोई आश्वासन नहीं देता है। उद्धृत प्रतिभूतियां केवल उदाहरण के लिए हैं और अनुशंसात्मक नहीं हैं। एसएमसी सेबी द्वारा पंजीकृत एक अनुसंधान विश्लेषक है जिसका पंजीकरण संख्या आईएनएच 100001849 है। सीआईएन: L74899DL1994PLC063609 है।

एसएमसी ग्लोबल सिक्योरिटीज लिमिटेड (जिसे एसएमसी कहा जाता है) का नियमन भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड द्वारा किया जाता है और इसे ब्रोकिंग व्यवसाय, डिपॉजिटरी सेवायें और संबंधित सेवायें करने का लाइसेंस प्राप्त है। एसएमसी ग्लोबल सिक्योरिटीज लिमिटेड नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया लिमिटेड, बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज लिमिटेड, एमएसईआई(मेट्रोपॉलिटन स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया लिमिटेड) का रजिस्टर्ड सदस्य है और एम/एस एसएमसी कॉमट्रेड नेशनल कमोडिटी एवं डेरिवेटिव्स एक्सचेंज लिमिटेड और मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज ऑफ इंडिया और भारत के अन्य कमोडिटी एक्सचेंजों का रजिस्टर्ड सदस्य है। इसकी सहयोगी एमसीएक्स स्टॉक एक्सचेंज लिमिटेड की सदस्य हैं। एसएमसी सीडीएसएल(CDSL) और एनएसडीएल(NSDL)के साथ डिपॉजिटरी भागीदार के रूप में भी रजिस्टर्ड है। एसएमसी के अन्य एसोसिएट सेबी और भारतीय रिजर्व बैंक के साथ मर्चेंट बैंकर, पोर्टफोलियो मैनेजर के रूप में रजिस्टर्ड है। यह म्यूचुअल फंड डिस्ट्रीब्यूटर के रूप में एएमएफआई(AMFI) में भी रजिस्टर्ड है।

एसएमसी ग्लोबल सिक्योरिटीज लिमिटेड सेबी (रिसर्च एनॉलिस्ट)रेगुलेशन 2014 के तहत रिसर्च एनॉलिस्ट के लिए रजिस्ट्रेशन संख्या INH100001849 के साथ रजिस्टर्ड संस्था है। एसएमसी ग्लोबल सिक्योरिटीज लिमिटेड या इसके सहयोगियों को सेबी द्वारा अन्य किसी रेगुलेटरी एथॉरिटी द्वारा सिक्योरिटीज मार्केट/कमोडिटी मार्केट में कारोबार के लिए प्रतिबंधित/निलंबित नही किया गया है। रिपोर्ट में रिसर्च एनॉलिस्टों द्वारा व्यक्त की गई राय केवल सार्वजनिक रूप से प्राप्त सूचनाओं/इंटरनेट आंकड़ों/अन्य विश्वसनीय स्रोतों, जिन्हे सत्य माना जाता है, पर आधारित है। एसएमसी रिपोर्ट में व्यक्त राय या सामग्री की शुद्धता को लेकर कोई आश्वासन नही देता है और निवेशकों को सलाह दी जाती है कि निवेश के लिए कोई भी निर्णय करने से पहले बाजार की परिस्थितियों/जोखिमों का स्वतंत्र रूप से मूल्यांकन करें। रिसर्च एनॉलिस्ट, जिन्होने इस रिपोर्ट को तैयार किया है, एतद् द्वारा प्रमाणित किया जाता है कि इस रिपोर्ट में विशेष कमोडिटी के संदर्भ में व्यक्त किया गया विचार/राय उनके निजी स्वतंत्र विचार/राय है।

**डिसक्लेमर:** यह रिसर्च रिपोर्ट अधिकृत प्राप्तकर्त्ता की व्यक्तिगत सूचना के लिए है और इसका निवेशक के किसी निवेश, विधिक एवं कर संबंधी परामर्श से संबंध नही हैं। यह केवल प्राइवेट सर्कुलेशन एवं उपयोग के लिए है। यह रिपोर्ट विश्वस्त सूचनाओं पर आधारित है लेकिन यह पूरी तरह सही और पूर्ण है, ऐसा जरूरी नही और इस पर पूरी तरह भरोसा नही किया जाना चाहिए। रिपोर्ट के कन्टेन्ट के आधार पर कोई कार्य नही किया जा सकता है। इस रिपोर्ट को एसएमसी से लिखित आज्ञा के बिना किसी भी रूप में नकल एवं किसी भी अन्य व्यक्ति को पुन: वितरण नही किया जाना चाहिए। इस सामग्री का कन्टेन्ट सामान्य है और यह न तो पूरी तरह से व्यापक है और न विस्तृत है। इस रिपोर्ट के आधार पर उठाये गये किसी कदम से होने वाली क्षति या नुकसान के लिए न तो एसएमसी और न इसका कोई संबंधी, सहायक, प्रतिनिधि, डॉयरेक्टर या कर्मचारी को उत्तरदायी ठहराया जाना चाहिए। यह कोई व्यक्तिगत अनुमोदन नही करता या किसी खास निवेश उद्देश्य, वितीय स्थिति या किसी व्यक्तिगत ग्राहक या कॉरपोरेट या सत्ता की जरूरतों को लेकर नही चलता है। सभी निवेश जोखिमपूर्ण होते है एवं पिछला प्रदर्शन भविष्य के किसी प्रदर्शन की गारन्टी नही देता है। निवेश की वैल्यू और उससे प्राप्त आमदनी एक निश्चित समय में उपलब्ध कुछ बड़े एवं सूक्ष्म कारकों के बदलाव पर निर्भर कर सकती है। निवेश का निर्णय लेते समय किसी भी व्यक्ति को अपने विवेक का इस्तेमाल करना चाहिए।

कृपया ध्यान रखें कि हम या हमारा कोई अधिकारी, सहायक, प्रतिनिधि, डॉयरेक्टर या कर्मचारी, जो भी इस रिपोर्ट को बनाने या भेजने में शामिल है उसकी (अ)समय-समय पर किसी भी कमोडिटीज में, जिनका इस रिपोर्ट में जिक्र किया गया है, खरीद या बिक्री, कोई भी पोजिशन हो सकती है और वह इस कमोडिटीज को खरीद या बिक्री कर सकता है या (ब) साथ ही साथ वह इन कमोडिटीज के किसी भी प्रकार के सौदों में और ब्रोकरेज या अन्य प्रकार के प्रतिकर में अथवा बाजार निर्माण में शामिल हो सकता है, (स) इस रिपोर्ट में दिए गये सुझावों और संबंधित सूचनाओं एवं विचारों के संदर्भ में इनका अपना कोई भी निहित स्वार्थ या विवाद हो सकता है। सभी विवादों का निपटारा अंतिम रूप से दिल्ली उच्च न्यायालय के न्यायाधीन होगा।